1. Leena is a student [illegible] ment using Microsoft Word. While editing her document, she notices that a [illegible] (left side of) the cursor is incorrect. She wants to remove one character or [illegible] immediately to the left of the cursor without affecting the text on the right side.

Which of the following [illegible] keys or key combinations should she use to delete the character (or text) to the left of [illegible] MS Word document ?

लीना एक छात्रा है जो [illegible] (Microsoft Word) में अपना असाइनमेंट (assignment) टाइप कर रही है। डॉक्यूमेंट (document) [illegible] उसे पता चलता है कि कर्सर (Cursor) के ठीक बाईं ओर टाइप किया गया एक शब्द [illegible] बाईं ओर के टेक्स्ट को प्रभावित किए बिना, कर्सर के बाईं ओर स्थित एक अक्षर या चयनित टेक्स्ट (Text) को हटाना चाहती है।

एमएस वर्ड डॉक्यूमेंट (MS Word document) में कर्सर के बाईं ओर स्थित अक्षर (Character) या टेक्स्ट को हटाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी की (Key) या की संयोजन (Key Combination) का उपयोग किया जाना चाहिए ?

(1) Delete (2) Ctrl + Delete (3) Backspace (4) Ctrl + Backspace

2. Which of the following companies has developed the cloud storage service "OneDrive" ?

(1) OnePlus (2) Google (3) Microsoft (4) Oracle

निम्नलिखित में से किस कंपनी ने क्लाउड स्टोरेज सेवा ''वनड्राइव'' (OneDrive) विकसित की है ?

(1) वनप्लस (2) गूगल (3) माइक्रोसॉफ्ट (4) ओरेकल

3. Which of the following is considered one of the volatile memories of a computer system ?

(1) RAM (2) ROM (3) Pen Drive (4) Hard Disk

निम्नलिखित में से किसे कंप्यूटर प्रणाली की वोलेटाइल (volatile/अस्थायी) मेमोरी में से एक माना जाता है ?

(1) रैम (2) रोम (3) पेन ड्राइव (4) हार्ड डिस्क

4. In the abbreviation ROM, used in computer systems, what does the letter 'R' stand for ?

(1) Root (2) Read (3) Random (4) Register

कंप्यूटर सिस्टम में प्रयुक्त संक्षेप ROM में अक्षर 'R' का पूरा रूप क्या है ?

(1) रूट (2) रीड (3) रैंडम (4) रजिस्टर

5. Without using the internet, when we connect a bluetooth headphone with our mobile or laptop, what kind of network is generally formed ?

(1) LAN (2) MAN (3) PAN (4) WAN

इंटरनेट का उपयोग किए बिना, जब हम ब्लूटूथ (Bluetooth) हेडफ़ोन को अपने मोबाइल या लैपटॉप से कनेक्ट करते हैं, सामान्यतः किस प्रकार का नेटवर्क बनता है ?

(1) लैन (2) मैन (3) पैन (4) वान

6. Identify the correct full form of "GPT" in ChatGPT from the following options.

(1) Generative Trained Program (2) Generative Programmed Tool

(3) Generative Programmed Trainer (4) Generative Pre-trained Transformer

निम्नलिखित विकल्पों में से चैट-जी-पी-टी (ChatGPT) में "GPT" का सही पूर्ण रूप पहचानिए।

(1) जेनेरेटिव ट्रेन्ड प्रोग्राम (2) जेनेरेटिव प्रोग्राम्ड टूल

(3) जेनेरेटिव प्रोग्राम्ड ट्रेनर (4) जेनेरेटिव प्री-ट्रेन्ड ट्रांसफॉर्मर

7. In the latest versions of Microsoft Excel (2007 and later), what is the maximum number of rows available in a single worksheet ?

माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल के नवीनतम संस्करणों (2007 और उसके बाद) में, एक वर्कशीट में अधिकतम कितनी रौ/पंक्तियाँ (Rows) होती हैं ?

(1) 65,536 (2) 1,048,576 (3) 1,024 (4) 32,768

8. From the following options, identify the service that is not owned by Meta Platforms Inc.

(1) Facebook (2) WhatsApp (3) Instagram (4) X (formerly Twitter)

निम्नलिखित विकल्पों में से वह सर्विस/सेवा (Service) पहचानिए जो मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक. (Meta Platforms Inc.) की स्वामित्व में नहीं है।

(1) फेसबुक (2) व्हाट्सएप (3) इंस्टाग्राम (4) एक्स (पूर्व में ट्विटर)

9. Which of the following devices commonly functions as both - input and output device ?

(1) Webcam (2) Plotter

(3) Interactive Smartboard (4) QR Code Scanner

निम्नलिखित में से कौन सा डिवाइस सामान्यतः इनपुट (Input) और आउटपुट (Output) दोनों के रूप में कार्य करता है ?

(1) वेबकैम (2) प्लॉटर

(3) इन्टेरेक्टीव स्मार्टबोर्ड (4) क्यूआर (QR) कोड स्कैनर

10. The human brain acts as the control centre of the body and is responsible for all activities we perform. In a computer system, which component performs a similar role by controlling all operations, and is therefore commonly referred to as the "*brain*" of the computer ?

(1) CPU (2) Memory

(3) Internet (4) External Storage Devices

मानव मस्तिष्क शरीर का नियंत्रण केंद्र होता है और सभी गतिविधियों को नियंत्रित करने का कार्य करता है। कंप्यूटर प्रणाली कौन-सा घटक (component) सभी कार्यों को नियंत्रित करता है और इसलिए उसे कंप्यूटर का "*मस्तिष्क*" (brain) क जाता है ?

(1) सी.पी.यू. (2) मेमोरी

(3) इंटरनेट (4) एक्सटर्नल स्टोरेज डिवाइसेज़

11. Which of the following is not a common example of an internet-based search engine ?

(1) Bing (2) Yahoo (3) Google (4) Microsoft

निम्नलिखित में से कौन साधारणतः एक इंटरनेट आधारित सर्च इंजन (Search Engine) का उदाहरण नहीं है?

(1) बिंग (2) याहू (3) गूगल (4) माइक्रोसॉफ्ट

12. Which of the following online services has not been developed by Apple, Google, or Microsoft ?

(1) Teams (2) Meet (3) FaceTime (4) Zoom

निम्नलिखित में से कौन सी ऑनलाइन सर्विस एप्पल (Apple), गूगल (Google) या माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft) द्वारा विकसित नहीं की गई है?

(1) टीम्स (2) मीट (3) फेसटाइम (4) ज़ूम

13. From the following options, what is the full form of the letter "U" in the abbreviation UPI, one of the popular online payment methods ?

(1) Utility (2) Universal (3) Uniform (4) Unified

निम्नलिखित विकल्पों में से लोकप्रिय ऑनलाइन भुगतान विधियों में से एक UPI के संक्षिप्त रूप में "U" का पूर्ण रूप क्या है?

(1) यूटिलिटी (2) यूनिवर्सल (3) यूनिफॉर्म (4) यूनिफाइड

14. In Microsoft Excel, which of the following options is used to display only the selected data that meets a specific condition, while temporarily hiding the other data in the worksheet ?

(1) Filter (2) Screen (3) Sort (4) Select

माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल (Excel) में निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा विकल्प उस चुने हुए डेटा को केवल तभी प्रदर्शित (Display) करने के लिए उपयोग किया जाता है जो किसी विशिष्ट शर्त (Specific Condition) को पूरा करता हो, जबकि बाकी डेटा को अस्थायी रूप से छिपा (Temporarily Hiding) दिया जाता है?

(1) फ़िल्टर (2) स्क्रीन (3) सॉर्ट (4) सिलेक्ट

15. In Microsoft Office applications, one of the most commonly used operations is 'Paste', which allows users to insert a copied or cut text, image, or object at the desired location in a document, spreadsheet, or presentation. Identify the popular keyboard shortcut key used for the Paste operation from the following options :

माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस एप्लिकेशन में, सामान्य ऑपरेशन में से एक है 'पेस्ट' (Paste), जो उपयोगकर्ता को कॉपी (Copy) या कट (Cut) किए गए टेक्स्ट (Text), इमेज (Image) या ऑब्जेक्ट (Object) को वांछित स्थान पर डालने की सुविधा देता है। निम्नलिखित विकल्पों में से पेस्ट (Paste) ऑपरेशन के लिए उपयोग किए जाने वाला लोकप्रिय कीबोर्ड शॉर्टकट की (key) पहचानिए :

(1) Ctrl + P (2) Ctrl + V (3) Ctrl + Z (4) Ctrl + Y

Which of the following organizations developed ChatGPT ?

(1) Meta AI (2) Google AI (3) Open AI (4) AWS AI

निम्नलिखित में से किस संगठन ने चैट-जी-पी-टी (ChatGPT) का विकास किया है ?

(1) मेटा ए-आई (2) गूगल ए-आई (3) ओपन ए-आई (4) एडब्ल्यूएस ए-आई

A person is carrying a pen drive that contains four different files. Each file has a specific primary file name along with a file extension, and all the file extensions correctly represent the actual type and nature of the files. Out of the given files, one file is an audio (music) file. Identify the music file from the following options :

एक व्यक्ति अपने साथ एक पेन ड्राइव (Pen Drive) ले जा रहा है, जिसमें चार अलग-अलग फाइलें (Files) संग्रहित हैं। प्रत्येक फाइल का एक विशिष्ट प्राथमिक फाइल नाम (Primary File Name) और एक फाइल एक्सटेंशन (File Extension) है, और सभी फाइल एक्सटेंशन फाइल के वास्तविक प्रकार (Type) और प्रकृति (Nature) को सही रूप से दर्शाते हैं। दिए गए फाइलों में से एक फाइल ऑडियो (audio/संगीत) फाइल है। निम्नलिखित विकल्पों में से संगीत फाइल की पहचान कीजिए :

(1) bharat.mp3 (2) indian.pptx (3) bharatiya.mp4 (4) india.pdf

. In Microsoft Excel, users can store text, numbers, dates, and other types of data. Excel automatically aligns each type of data according to its default alignment. When a number is entered without any formatting or sign, identify its default alignment from the following options :

(1) Justified (2) Centre (3) Left (4) Right

माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल (Excel) में उपयोगकर्ता टेक्स्ट (Text), संख्या (Numbers), तिथि (Dates) आदि डेटा स्टोर कर सकते हैं। एक्सेल प्रत्येक प्रकार के डेटा को उसके डिफ़ॉल्ट अलाइनमेंट (Default Alignment) के अनुसार स्वतः व्यवस्थित करता है। जब किसी संख्या (Number) को बिना किसी फॉर्मेटिंग (formatting) या चिन्ह (sign) के दर्ज किया जाता है, तो निम्नलिखित विकल्पों में से उसकी डिफ़ॉल्ट एलाइनमेंट (default alignment) की पहचान कीजिए।

(1) जस्टिफ़ाइड (2) सेंटर (3) लेफ़्ट (4) राइट

9. Microsoft PowerPoint provides several built-in features to help users create professional presentations easily. One such feature is a pre-designed slide format that offers a ready-made layout, background, color scheme, fonts, and other design elements, ensuring a consistent appearance throughout the presentation. What is this pre-designed slide format called in Microsoft PowerPoint ?

(1) Theme (2) Outline (3) Template (4) Blueprint

माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट (PowerPoint) में प्रस्तुति को सरल और आकर्षक बनाने के लिए कई अंतर्निर्मित (built-in) सुविधाएँ उपलब्ध होती हैं। इनमें से एक सुविधा पूर्व-डिज़ाइन किया हुआ स्लाइड फ़ॉर्मेट (pre-designed slide format) होती है, जो पहले से तैयार लेआउट (Layout), पृष्ठभूमि (Background), रंग योजना (Color Scheme), फॉन्ट्स (Fonts) तथा अन्य डिज़ाइन एलिमेंट्स (Design Elements) प्रदान करती है, जिससे पूरी प्रस्तुति में एक समान रूप बना रहता है। माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट में इस पूर्व-डिज़ाइन किए गए स्लाइड फ़ॉर्मेट को क्या कहा जाता है ?

(1) थीम (2) आउटलाइन (3) टेम्पलेट (4) ब्लूप्रिंट

20. Microsoft PowerPoint provides different views to help users create, edit, organize and present a presentation effectively. One such view displays all slides as thumbnail images on a single screen, enabling the user to easily organize, rearrange and manage slides within the presentation. Identify the name of the view described above from the following options :

(1) Outline View (2) Notes Page View

(3) Slide Show View (4) Slide Sorter View

माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट (PowerPoint) [illegible] प्रस्तुति को प्रभावी ढंग से बनाने, संपादित करने और व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न 'व्यू' (Views) [illegible] एक व्यू ऐसा होता है, जो प्रस्तुति की सभी स्लाइड्स (Slides) को एक ही स्क्रीन पर थंबनेल इमेज (Thumbnail Images) के रूप में प्रदर्शित करता है, जिससे उपयोगकर्ता स्लाइड्स को आसानी से व्यवस्थित (Organize), पुनर्व्यवस्थित (Rearrange) और प्रबंधित (Manage) कर सकता है। उपरोक्त विवरण के आधार पर निम्नलिखित विकल्पों में से उस व्यू (View) का नाम पहचानिए :

(1) आउटलाइन व्यू (2) नोट्स पेज व्यू

(3) स्लाइड शो व्यू (4) स्लाइड सॉर्टर व्यू

21. In the MS Windows operating system, which operation can be performed using the popular shortcut key combination Ctrl + Z ?

(1) Zip (2) Undo (3) Zoom In (4) Zoom Out

MS Windows ऑपरेटिंग सिस्टम में, लोकप्रिय शॉर्टकट की संयोजन Ctrl + Z का उपयोग करके कौन सा ऑपरेशन किया जा सकता है ?

(1) ज़िप (2) अन्डू/ पूर्ववत करें (3) ज़ूम इन (4) ज़ूम आउट

22. A QR code is a two-dimensional barcode that stores information in the form of small black-and-white squares arranged in a square pattern. It can be scanned using a smartphone camera or a QR scanner to access the digital information. Identify the correct full form of "QR" from the following options :

(1) Quick Register (2) Quick Response

(3) Quantum Register (4) Quantum Record

एक QR कोड दो-आयामी (Two-dimensional) बारकोड होता है, जो छोटी काली-सफेद वर्गाकार आकृतियों के रूप में जानकारी को संग्रहित करता है। इसे स्मार्टफोन कैमरा या QR स्कैनर की सहायता से स्कैन करके डिजिटल जानकारी को प्राप्त किया जा सकता है। निम्नलिखित विकल्पों में से "QR" का सही पूर्ण रूप पहचानिए :

(1) क्विक रजिस्टर (2) क्विक रिस्पॉन्स

(3) क्वांटम रजिस्टर (4) क्वांटम रिकॉर्ड

23. Programming languages are used to develop various types of software applications, computer programs, and games. Among the following options, identify the one that is not a popular programming language :

(1) C++ (2) AutoCAD (3) Java (4) Python

प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (Programming Languages) विभिन्न प्रकार के सॉफ़्टवेयर (Software), कंप्यूटर प्रोग्राम्स (Computer Programs) और गेम्स (Games) विकसित करने के लिए उपयोग की जाती हैं। निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प की पहचान कीजिए जो एक लोकप्रिय प्रोग्रामिंग भाषा नहीं है :

(1) सी प्लस प्लस (2) ऑटो-कैड (3) जावा (4) पाइथन

24. Which of the following options **cannot** be considered a type of utility software in a computer system ?

(1) Anti Virus Program
(2) Disk Management
(3) File Compression
(4) Word Processing

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प कंप्यूटर सिस्टम में यूटिलिटी सॉफ्टवेयर (utility software) के एक प्रकार के रूप में नहीं माना जा सकता है ?

(1) एंटी वायरस प्रोग्राम
(2) डिस्क मैनेजमेंट
(3) फाइल कंप्रेशन
(4) वर्ड प्रोसेसिंग

25. Which of the following is Microsoft's AI system that is specifically designed to understand and respond to human language and other data types, helping users with tasks, answers, and creative output across multiple Microsoft platforms ?

(1) Co-pilot (2) Siri (3) ChatGPT (4) Gemini

निम्नलिखित में से कौन-सा माइक्रोसॉफ्ट का AI सिस्टम है जो विशेष रूप से मानव भाषा (Human Language) और अन्य डेटा प्रकार (Other Data Types) को समझने और उत्तर देने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और उपयोगकर्ताओं को टास्क, उत्तर और क्रिएटिव आउटपुट (Creative Output) से कई माइक्रोसॉफ्ट प्लेटफॉर्म्स (Platforms) पर सहायता करता है?

(1) को-पायलट (2) सिरी (3) चैटजीपीटी (4) जेमिनाइ

26. In everyday digital usage, the unit 'Lumens (lm)' is commonly used to measure which of the following ?

(1) Brightness of a projector
(2) Print quality of a printer
(3) Resolution of a display device
(4) Internet speed

दैनिक डिजिटल दुनिया में 'ल्यूमेंस (Lumens-lm)' शब्द का सामान्यतः उपयोग निम्नलिखित में से किसे मापने के लिए किया जाता है?

(1) प्रोजेक्टर की ब्राइटनेस
(2) प्रिंटर की प्रिंट क्वालिटी
(3) डिस्प्ले डिवाइस की रेज़ोल्यूशन
(4) इंटरनेट की स्पीड

27. In computer systems, what does the letter 'U' stand for in the abbreviation UPS ?

(1) Ultra (2) Uniform (3) Utility (4) Uninterruptible

कंप्यूटर सिस्टम्स में, UPS संक्षिप्ताक्षर में 'U' अक्षर का पूरा रूप क्या है ?

(1) अल्ट्रा (2) यूनिफ़ॉर्म (3) यूटिलिटी (4) अनइंटरप्टिबल

28. Which of the following files generally cannot be printed on paper ?

निम्नलिखित में से कौन-सी फाइल सामान्यतः कागज़ पर प्रिंट (print) नहीं की जा सकती हैं?

(1) lyrics.docx (2) notation.pdf (3) song.wav (4) music.txt

29. While checking the camera quality (image resolution) of a mobile phone, the unit 'MP' is often used. What is the full form of MP in this context ?

(1) MegaPixel (2) MicroPixel (3) MacroPowered (4) MicroProcessor

मोबाइल फोन के कैमरा की गुणवत्ता (छवि रेज़ोल्यूशन) जाँचते समय 'एमपी (MP)' इकाई का अक्सर उपयोग किया जाता है। इस संदर्भ में MP का पूरा रूप क्या है ?

(1) मेगापिक्सेल (2) माइक्रोपिक्सेल (3) मैक्रोपावर्ड (4) माइक्रोप्रोसेसर

30. A Microsoft Word file is saved with a specific default file extension depending on the version of Word. Identify the default file extension for Microsoft Word documents in Word 2007 and later versions from the options given below :

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (Word) फ़ाइल को एक विशेष डिफ़ॉल्ट फ़ाइल एक्सटेंशन (Default File Extension) के साथ सेव (Save) किया जाता है। Word 2007 और उसके बाद के संस्करणों (Version) के लिए डिफ़ॉल्ट फ़ाइल एक्सटेंशन निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा है ?

(1) .word (2) .msw (3) .wrd (4) .docx

31. Which of the following is not a popular web browser, used to view websites and web pages ?

(1) Apple Safari (2) Google Chrome (3) Microsoft Bing (4) Mozilla Firefox

निम्नलिखित में से कौन सा, वेबसाइट्स (websites) और वेब पेजेज़ (web pages) देखने के लिए एक लोकप्रिय वेब ब्राउज़र (web browser) नहीं है ?

(1) एप्पल सफारी (2) गूगल क्रोम (3) माइक्रोसॉफ्ट बिंग (4) मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स

32. What is the primary use of Canva when used on a computer system ?

(1) Online Shopping (2) Online Programming

(3) Online Graphic Design (4) Online Payment Gateway

कंप्यूटर सिस्टम में कैनवा (Canva) का मुख्य उपयोग क्या है ?

(1) ऑनलाइन शॉपिंग (2) ऑनलाइन प्रोग्रामिंग

(3) ऑनलाइन ग्राफिक डिज़ाइन (4) ऑनलाइन पेमेंट गेटवे

33. Identify which of the following devices or cables commonly requires an RJ-45 connector to establish a connection with a computer system ?

(1) External Hard Disk (2) Pen Drive

(3) Ethernet Cable (4) Keyboard

निम्नलिखित में से किस उपकरण या केबल को कंप्यूटर सिस्टम से जोड़ने के लिए सामान्यतः आर-जे-45 कनेक्टर (RJ-45 connector) की आवश्यकता होती है ?

(1) एक्सटर्नल हार्ड डिस्क (2) पेन ड्राइव

(3) ईथरनेट केबल (4) कीबोर्ड

Which of the following computer devices is commonly available also in LCD and LED variants ?
(1) Mouse (2) Keyboard (3) Monitor (4) Printer

निम्नलिखित में से कौन-सा कंप्यूटर डिवाइस सामान्यतः एल सी डि (LCD) और एल ई डी (LED) प्रकारों में भी उपलब्ध होता है ?
(1) माउस (2) कीबोर्ड (3) मॉनिटर (4) प्रिंटर

5. Which feature of Microsoft Word automatically corrects spelling mistakes while we type ?
(1) Dictionary (2) AutoCorrect (3) Spell Checker (4) Find & Replace

निम्नलिखित में से माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (Microsoft Word) की कौन सी सुविधा टाइप करते समय वर्तनी/स्पेलिंग (Spelling) की गलतियों को स्वतः सुधारती है ?
(1) डिक्शनरी (2) ऑटोकरैक्ट (3) स्पेल चेकर (4) फाइंड एंड रिप्लेस

36. Which of the following statements about the Internet of Things (IoT) is not correct ?
(1) It is used only for online-based services.
(2) It allows smart devices to communicate.
(3) It connects physical devices over the internet.
(4) It includes devices like smartwatches and sensors.

निम्नलिखित में से इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (IoT) के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(1) यह केवल ऑनलाइन आधारित सर्विस/सेवाओं (Online-Based Services) के लिए उपयोग किया जाता है।
(2) यह स्मार्ट उपकरणों (Smart Devices) को आपस में संवाद (Communicate) करने की सुविधा देता है।
(3) यह भौतिक उपकरणों (Physical Devices) को इंटरनेट (Internet) के माध्यम से जोड़ता है।
(4) इसमें स्मार्टवॉच (Smartwatches) और सेंसर (Sensors) जैसे उपकरण शामिल करता हैं।

37. Identify the main purpose of HTML - the Hyper Text Markup Language, from the following options :
(1) Develop an application software
(2) Design webpages for websites
(3) Develop games
(4) Design database management system

निम्नलिखित विकल्पों में से HTML - Hyper Text Markup Language का मुख्य उद्देश्य (Purpose) चुनिए :
(1) एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर (Application Software) विकसित करना
(2) वेबसाइट्स (Websites) के लिए वेबपेज (Webpages) डिज़ाइन करना
(3) गेम्स (Games) विकसित करना
(4) डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम (Database Management System) डिज़ाइन करना

38. What is the correct technical term used for the process of sending or transferring data or files from a local device (like a user's computer or mobile) to the internet or an online storage / service ?

(1) Scanning (2) Uploading (3) Installing (4) Downloading

लोकल डिवाइज (जैसे किसी उपयोगकर्ता का कंप्यूटर या मोबाइल) से इंटरनेट या किसी ऑनलाइन स्टोरेज/सर्विस-सेवा (Online Storage / Service) पर डेटा (data) या फाइल (file) भेजने की प्रक्रिया को सही तकनीकी शब्द में क्या कहा जाता है ?

(1) स्कैनिंग (2) अपलोडिंग (3) इंस्टॉलिंग (4) डाउनलोडिंग

39. Which of the following options is **not** commonly considered a valid email ID ?

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प एक वैध (valid) ईमेल आईडी (Email ID) सामान्यत: **नहीं माना जा सकता ?**

(1) `aarav.2000@bharatiya.in`

(2) `aarav_2000@bharatiya.in`

(3) `aarav-2000@bharatiya.in`

(4) `aarav*2000@bharatiya.in`

40. In Microsoft Word, below the Menu Bar of the window that contains various groups. Identify the group from the following options that contains commands for font, paragraph, and styles such as bold, underline, italics, etc. :

(1) Design (2) Format (3) Layout (4) Home

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (Word) विंडो (Window) पर मेनू बार (Menu Bar) के नीचे, जिसमें विभिन्न ग्रुप (group) होते हैं। निम्नलिखित विकल्पों में से उस ग्रुप (group) की पहचान कीजिए जिसमें फ़ॉन्ट (Font), पैराग्राफ (Paragraph), और स्टाइल्स जैसे बोल्ड (Bold), अंडरलाइन (Underline), इटैलिक्स (Italics) आदि के लिए विकल्प शामिल हैं :

(1) डिज़ाइन (2) फॉर्मेट (3) लेआउट (4) होम

- o O o -

42093800

1. Write the full forms of the following abbreviations that are commonly used in computers.

निम्नलिखित संक्षिप्त शब्दों (abbreviations) के पूर्ण रूप लिखिए, जो कंप्यूटर में सामान्यत: उपयोग किए जाते हैं।

(A) ALU

(B) SMS

(C) BIOS

(D) WWW

SEAL

2. Identify and write the appropriate name of the device for each of the following purposes :

निम्नलिखित कार्यों के लिए उपयुक्त डिवाइस (Device) का नाम लिखिए।

(A) To display output that can be viewed by the user

उपयोगकर्ता (User) द्वारा देखने हेतु आउटपुट (Output) प्रदर्शित करने के लिए

(B) To produce a hard copy of the output

आउटपुट (Output) की हार्ड कॉपी (Hard Copy) प्राप्त करने के लिए

(C) To generate audio output

ऑडियो आउटपुट (Audio Output) उत्पन्न करने के लिए

(D) To store and carry data in a portable device that can be easily kept in a pocket

डेटा (Data) को कॉपी (Copy), स्टोर (Store) और जेब में आसानी से ले जाने योग्य डिवाइस (Device) में सुरक्षित रखने के लिए

3. In the context of Cyber Safety and Security, identify and write the correct term for the following cyber threats.

साइबर सेफ्टी एवं सिक्योरिटी (Cyber Safety and Security) के संदर्भ में, निम्नलिखित साइबर थ्रेट्स (Cyber Threats) को उनके सही नामों से पहचानिए और लिखिए।

(A) A malicious program that spreads automatically across networks without user intervention.

ऐसा मैलिशियस प्रोग्राम (Malicious Program) जो बिना उपयोगकर्ता (User) के हस्तक्षेप के स्वतः नेटवर्क (Network) में फैल जाता है।

(B) A Malware that attaches itself to files and spreads when the infected file is Run or executed.

ऐसा मैलवेयर (Malware) जो फाइलों (Files) से जुड़ जाता है और संक्रमित फाइल के रन (Run) या एग्जीक्यूट होने पर फैलता है।

(C) Malicious software that appears legitimate and is installed by the user unknowingly.

ऐसा मैलिशियस सॉफ्टवेयर (Malicious Software) जो वैध (Legitimate) प्रतीत होता है और उपयोगकर्ता द्वारा अनजाने में इंस्टॉल (Install) कर लिया जाता है।

(D) Fraudulent messages that deceive users into revealing sensitive information.

ऐसे फेक मैसेजेस (Fake Messages) जो उपयोगकर्ताओं को संवेदनशील जानकारी देने के लिए धोखा देते हैं।

4. Mitali has recently purchased a new laptop that comes pre-installed with Windows 11 Operating System. She now wants to install some essential software for her everyday work in her small boutique store. Based on the requirements below, suggest suitable software or explain their purpose.

मिताली ने हाल ही में एक नया लैपटॉप खरीदा है, जिसमें विंडोज 11 (Windows 11) ऑपरेटिंग सिस्टम पहले से इंस्टॉल (Pre-installed) है। अब वह अपनी छोटी बुटीक (Boutique) दुकान में रोज़मर्रा के कार्यों के लिए कुछ आवश्यक सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करना चाहती है। नीचे दिए गए उद्देश्यों के अनुसार, उपयुक्त सॉफ्टवेयर सुझाइए या उनके उद्देश्य (Purpose) बताइए।

(A) Does Windows 11 provide any built-in antivirus software for protection against viruses, malware, and other online threats ? If yes, name the software.

क्या Windows 11 वायरस, मैलवेयर, और अन्य ऑनलाइन खतरों से सुरक्षा के लिए कोई बिल्ट-इन (Built-in) एंटीवायरस सॉफ्टवेयर की सुविधा प्रदान करता है ? अगर हाँ, तो उसका नाम क्या है ?

(B) Mitali wants software for creating, editing and enhancing photos, images and graphics on her laptop. Suggest a popular photo editing software developed by Adobe Inc.

मिताली अपने लैपटॉप पर फोटो, छवियों और ग्राफिक्स को बनाने (Create), संपादित (Edit), और सुधार (Enhance) के लिए एक सॉफ्टवेयर चाहती हैं। Adobe Inc. द्वारा विकसित एक लोकप्रिय फोटो एडिटिंग (Photo Editing) सॉफ्टवेयर सुझाइए।

(C) Someone suggested Adobe Premiere Pro to her as a photo editing software, but she was also told by others that Premiere Pro is **not** for photo editing. What is the primary use of Adobe Premiere Pro software ?

किसी ने उन्हें फोटो एडिटिंग सॉफ्टवेयर के लिए Adobe Premiere Pro सुझाया, लेकिन कुछ लोगों ने कहा कि Premiere Pro फोटो एडिटिंग के लिए नहीं है। Adobe Premiere Pro सॉफ्टवेयर का मुख्य उपयोग (Primary use) क्या है ?

(D) Mitali is looking for an Indian accounting software suitable for her small boutique store. She is considering four options : Access, Tally, Busy, and Zoho Books. Which one of these is primarily **not** an Indian accounting software ?

मिताली अपनी छोटी बुटीक (Boutique) दुकान के लिए एक भारतीय अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर (Indian Accounting Software) खोज रही हैं। वह चार विकल्पों पर विचार कर रही हैं : Access, Tally, Busy, और Zoho Books। इनमें से कौन सा विकल्प मुख्य रूप से भारतीय अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर **नहीं** है ?

5. While accessing information on the WWW, a user should be familiar with certain basic terminologies. Identify and write the correct term for the following :

WWW पर जानकारी प्राप्त करते समय उपयोगकर्ता को कुछ मूलभूत शब्दावली (Terminologies) का ज्ञान होना आवश्यक है। निम्नलिखित के लिए सही शब्द लिखिए।

(A) The application/software used to access websites on the Internet.

इंटरनेट (Internet) पर वेबसाइट (Website) एक्सेस (Access) करने के लिए प्रयुक्त एप्लिकेशन/सॉफ्टवेयर (Application/Software)।

(B) The term used for the address of a website.

किसी वेबसाइट (Website) के पते (Address) के लिए प्रयुक्त शब्द।

(C) The main page that opens first when a website is accessed.

वह मुख्य पेज (Main Page) जो किसी वेबसाइट (Website) को खोलने पर सबसे पहले दिखाई देता है।

(D) The feature in the web browser where website addresses can be saved for future use.

वेब ब्राउज़र (Web Browser) में वह सुविधा जहाँ वेबसाइट के पते (Address) को भविष्य के उपयोग के लिए सुरक्षित किया जाता है।

**6.** **Sangeeta has formatted her desktop computer and now wants to install software to perform basic computing tasks. She is also interested in exploring open-source software, which can be used, modified, and shared freely. Based on the above situation, suggest one suitable open-source software for each of the following purposes :**

**संगीता ने अपने डेस्कटॉप (Desktop) कंप्यूटर को फॉर्मेट (format) कर दिया है और अब वह बुनियादी कंप्यूटिंग कार्यों के लिए कुछ सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करना चाहती हैं। वह ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (Open Source Software) का उपयोग करने में भी रुचि रखती हैं, जिसे स्वतंत्र रूप से उपयोग, संशोधित और साझा किया जा सकता है। उपरोक्त स्थिति के आधार पर, निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए प्रत्येक के लिए एक उपयुक्त ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर सुझाइए।**

**(A) Suggest one commonly used open-source operating system for her desktop computer.**

**उनके डेस्कटॉप कंप्यूटर के लिए एक आम तौर पर उपयोग किया जाने वाला ओपन सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम (Operating System) सुझाइए।**

**(B) Suggest one commonly used open-source word processing software for creating and editing documents.**

**दस्तावेज़ बनाने और संपादित करने के लिए एक आम तौर पर उपयोग किया जाने वाला ओपन सोर्स वर्ड प्रोसेसिंग (Word Processing) सॉफ्टवेयर सुझाइए।**

(C) Suggest one commonly used open-source presentation software for preparing slide presentations.
स्लाइड प्रस्तुतियाँ तैयार करने के लिए एक आम तौर पर उपयोग किया जाने वाला ओपन सोर्स प्रेज़ेंटेशन (Presentation) सॉफ्टवेयर सुझाइए।

(D) Suggest one commonly used open-source web browser to access websites and web pages.
वेबसाइट और वेब पेज देखने के लिए एक आम तौर पर उपयोग किया जाने वाला ओपन सोर्स वेब ब्राउज़र (Web Browser) सुझाइए।

7. Ayesha is an IT expert working in the Administrative Department of her school. In addition to her administrative responsibilities, she actively assists her colleagues and subject teachers in selecting appropriate software and digital tools for various academic and administrative projects. Based on the above situation, answer the following questions :
आयशा अपने विद्यालय के प्रशासनिक विभाग में कार्यरत एक आईटी विशेषज्ञ (IT Expert) हैं। अपने प्रशासनिक कार्यों के अतिरिक्त, वह अपने सहकर्मियों तथा विभिन्न विषयों के शिक्षकों को शैक्षणिक एवं प्रशासनिक परियोजनाओं के लिए उपयुक्त सॉफ़्टवेयर और डिजिटल टूल्स (Digital Tools) चुनने में सहायता करती हैं। उपरोक्त स्थिति के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(A) Ayesha plans to upgrade her Microsoft Office suite from Office Home (Home & Business) to Office Professional. Name the additional built-in Microsoft Office software included in the Professional version that is specifically used for managing databases using a Ralational Database Management System (RDBMS).
आयशा अपने माइक्रोसॉफ़्ट ऑफिस संस्करण को ऑफिस होम (Office Home/Home and Business) से ऑफिस प्रोफेशनल (Office Professional) में अपग्रेड (upgrade) करना चाहती हैं। उस अतिरिक्त इन-बिल्ट सॉफ़्टवेयर (Built-in Software) का नाम लिखिए, जो प्रोफेशनल (Professional) संस्करण में उपलब्ध है और डेटाबेस (Database) को आरडीबीएमएस (RDBMS) के माध्यम से प्रबंधित करने के लिए उपयोग किया जाता है।

(B) Sarah, a class teacher, wants to store the marks obtained by her students in five different subjects. She also needs to perform basic mathematical calculations, statistical analysis, and graphical representation of the data. Which Microsoft Office software would be the most suitable for these tasks ?
सारा, एक कक्षा शिक्षिका (Class Teacher), अपने विद्यार्थियों के पाँच विषयों के अंकों को संग्रहित (store) करना चाहती हैं। साथ ही, वह मूल गणितीय (Mathematical), सांख्यिकीय (Statistical) तथा ग्राफिकल (Graphical) विश्लेषण भी करना चाहती हैं। इन सभी कार्यों के लिए सबसे उपयुक्त माइक्रोसॉफ़्ट ऑफिस सॉफ़्टवेयर का सुझाव दीजिए।

(C) A Mathematics teacher wishes to design a multi-page annual examination question paper for Class XI. The question paper includes equations, symbols, multiple types of fonts, colours, tables, diagrams, drawings, and photographs. Which Microsoft Office Software should Ayesha recommend for this purpose ?
विद्यालय के एक गणित शिक्षक कक्षा 11 के लिए बहु-पृष्ठीय (Multi-page) वार्षिक परीक्षा प्रश्न-पत्र (Annual Examination Question Paper) तैयार करना चाहते हैं। इसमें समीकरण (Equations), प्रतीक (Symbols), विभिन्न प्रकार के फ़ॉन्ट्स (Fonts), रंग (Colours), टेबल्स (Tables), आरेख (Diagrams), चित्रांकन (Drawings) तथा फोटो (Photos) शामिल हैं। इस कार्य के लिए आयशा को कौन-सा माइक्रोसॉफ़्ट ऑफिस सॉफ़्टवेयर (Microsoft Office Software) सुझाना चाहिए ?

(D) A Chemistry teacher wants to prepare a digital presentation on the topic *"Types of chemical Bonding"*. The presentation should include text with various fonts and colours, tables, diagrams, drawings, images, audio, video, and animations, and should be suitable for classroom presentation. Which Microsoft Office Software is most appropriate for creating, editing, and delivering this presentation ?

एक रसायन विज्ञान शिक्षक "*केमिकल बॉन्डिंग के प्रकार (Types of Chemical Bonding)*" विषय पर एक डिजिटल प्रस्तुति (Digital Presentation) तैयार करना चाहते हैं। इस प्रस्तुति में विभिन्न फ़ॉन्ट्स, रंग, टेबल्स, आरेख, चित्र, प्रतिकृति (image), ऑडियो (Audio), वीडियो (Video) और एनीमेशन (Animation) शामिल होने चाहिए। इस प्रस्तुति को बनाने, संपादित करने और प्रस्तुत करने के लिए सबसे उपयुक्त माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस सॉफ्टवेयर कौन सा है ?

8. Microsoft Word is a widely used word processing software that comes built-in with the Microsoft Office package. Based on your knowledge of Microsoft Word, answer the following questions :

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (Word) एक लोकप्रिय वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर (Word Processing Software) है, जो माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पैकेज (Package) के साथ इन-बिल्ट (Built-in) रूप में उपलब्ध होता है। माइक्रोसॉफ्ट वर्ड के ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(A) In an MS Word document page, there is a blank space at the top and bottom of each page. What is the top blank space of a document page called ? Also, write the name of the bottom blank space of the document page.

एमएस वर्ड दस्तावेज़ (MS Word Document) के प्रत्येक पृष्ठ (Page) में ऊपर और नीचे कुछ खाली स्थान (Blank Space) होता है। दस्तावेज़ पृष्ठ के ऊपरी खाली स्थान को क्या कहा जाता है ? साथ ही, पृष्ठ के निचले खाली स्थान का नाम भी लिखिए।

(B) 'Arial' & 'Times New Roman' are two examples of _________.

'Arial' और 'Times New Roman' उदाहरण है _________ का।

(C) When a new document is created in Microsoft Word, the text follows a predefined alignment setting. What is the default text alignment in an MS Word document ?

जब माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में एक नया दस्तावेज़ (New Document) बनाया जाता है, तो टेक्स्ट (Text) एक निर्धारित एलाइनमेंट (Alignment) के अनुसार होता है। एमएस वर्ड दस्तावेज़ में टेक्स्ट का डिफ़ॉल्ट एलाइनमेंट (Default Alignment) क्या होता है ?

(D) Microsoft Word provides a feature that allows the same letter or document to be sent to multiple recipients using their details stored in another file, such as Microsoft Excel or CSV file. The same feature can also be used to print certificates for different students by automatically inserting their names from an Excel file. Name this Microsoft Word feature.

माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में एक ऐसी विशेषता (Feature) उपलब्ध है, जिसके माध्यम से एक ही पत्र (Letter) या दस्तावेज़ को कई प्राप्तकर्ताओं (Multiple Recipients) को भेजा जा सकता है, जिनका विवरण माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल (Microsoft Excel) फ़ाइल या CSV फ़ाइल में संग्रहित होता है। इसी विशेषता का उपयोग करके विभिन्न छात्रों के नामों के साथ प्रमाण-पत्र (Certificates) भी प्रिंट किए जा सकते हैं। इस माइक्रोसॉफ्ट वर्ड फीचर का नाम लिखिए।

9. Microsoft Excel is a widely used spreadsheet software developed by Microsoft and comes with the Microsoft Office package. Based on your knowledge of Microsoft Excel, answer the following questions :

माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल (Excel) माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एक लोकप्रिय स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर (Spreadsheet Software) है जो माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पैकेज (Package) के साथ उपलब्ध होता है। माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल (Microsoft Excel) के ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(A) In Microsoft Excel, a single sheet or page is called a worksheet. What is the name for the collection of all worksheets contained in a single Excel file ?

माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में, एक फ़ाइल (File) के अंदर एक एकल शीट (Single Sheet) को वर्कशीट (Worksheet) कहा जाता है। एक ही Excel फ़ाइल (Excel File) में सभी वर्कशीटों का संग्रह (Collection of Worksheets) क्या कहलाता है ?

(B) On an Excel worksheet, rows and columns intersect to form a basic data unit. What is the name of the intersection of a row and a column on a worksheet ?

एक एक्सेल वर्कशीट (Excel Worksheet) में, रो (Rows) और कॉलम (Columns) मिलकर एक मूलभूत डेटा इकाई बनाते हैं। रो और कॉलम के संयोग (Intersection) को क्या कहा जाता है ?

(C) Microsoft Excel provides a feature that can automatically fill cells with data, formulas, or series based on a pattern you specify. Write the name of this Excel feature.

माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में एक ऐसी विशेषता (Feature) उपलब्ध है, जो आपके द्वारा दिए गए पैटर्न (Pattern) के आधार पर सेल (Cells) में डेटा (Data), सूत्र (Formulas) या श्रृंखला (Series) को स्वत: भर (fill) देती है। इस Excel Feature का नाम लिखिए।

(D) When an Excel file is saved, it is stored with a specific file extension by default. What is the default file extension for Microsoft Excel files from version 2007 onwards ?

जब एक एक्सेल फ़ाइल (Excel File) को सेव (Save) किया जाता है, तो इसे डिफ़ॉल्ट (Default) रूप से एक विशेष फ़ाइल एक्सटेंशन (File Extension) के साथ सेव किया जाता है। 2007 और उसके बाद के संस्करणों (Version) में Excel का डिफ़ॉल्ट फ़ाइल एक्सटेंशन (Default File Extension) क्या है ?

**10. Microsoft PowerPoint is a widely used presentation software developed by Microsoft and provided as a built-in application in the Microsoft Office package. Based on your knowledge of Microsoft PowerPoint, answer the following questions :**

**माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट (PowerPoint) माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एक लोकप्रिय प्रेज़ेंटेशन सॉफ्टवेयर (Presentation Software) है, जो माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पैकेज (Package) के साथ इन-बिल्ट (Built-in) रूप में उपलब्ध होता है। माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट (Microsoft PowerPoint) के ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**(A) When a Microsoft PowerPoint presentation is saved, what is the default file extension for files from version 2007 onwards ?**

**जब एक माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट फ़ाइल को सेव (Save) किया जाता है, तो 2007 और उसके बाद के संस्करणों (Version) में फ़ाइल का डिफ़ॉल्ट एक्सटेंशन (Default Extension) क्या है ?**

(B) While moving from one page to another during a presentation, a visual effect is displayed on the screen. What is this visual effect between two slides known as in Microsoft PowerPoint ?

प्रस्तुति (Presentation) के दौरान जब एक स्लाइड से दूसरी स्लाइड पर जाया जाता है, तो स्क्रीन पर एक दृश्य प्रभाव (Visual Effect) दिखाई देता है। दो स्लाइडों के बीच दिखाई देने वाले इस दृश्य प्रभाव को क्या कहा जाता है ?

(C) Microsoft PowerPoint provides a feature that allows text or objects to appear gradually on a slide and also controls the movement of text or objects within the same slide. Name this Microsoft PowerPoint feature.

माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट में एक ऐसी विशेषता (Feature) उपलब्ध है, जिसके द्वारा टेक्स्ट (Text) या ऑब्जेक्ट्स (Objects) को स्लाइड पर धीरे-धीरे प्रकट (gradually appear) किया जा सकता है तथा स्लाइड के भीतर उनके गति/चाल (Movement) को नियंत्रित किया जा सकता है। इस माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट फीचर का नाम लिखिए।

(D) While delivering a presentation, the presenter can start the slide show directly from the first slide using a specific function key on the keyboard. Which function key is used to start the slide show from the beginning ?

प्रस्तुति प्रस्तुत (Present) करते समय, प्रस्तुतकर्ता द्वारा कीबोर्ड (Keyboard) की एक फ़ंक्शन की (Function Key) का उपयोग करके स्लाइड शो (Slide Show) को पहली स्लाइड से शुरू किया जा सकता है। कौन सी फ़ंक्शन की स्लाइड शो को शुरुआत से (From the Beginning) शुरू करती है ?

**11.** To access a website or view a webpage, users rely on web browsers. Some of the most commonly used browsers are Google Chrome, Microsoft Edge, and Mozilla Firefox. Based on these browsers, answer the following questions :

वेबसाइट तक पहुँचने या वेबपेज देखने के लिए उपयोगकर्ता वेब ब्राउज़र (Web Browsers) का उपयोग करते हैं। सबसे आम उपयोग किए जाने वाले ब्राउज़र हैं Google Chrome, Microsoft Edge, और Mozilla Firefox। इन ब्राउज़रों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(A) Which feature in web browsers keeps a record of all the websites and web pages visited by a user over time ?

कौन सा फीचर (Feature) इन वेब ब्राउज़रों में उपयोगकर्ता द्वारा देखी गई सभी वेबसाइट्स और वेबपेज का रिकॉर्ड समय के साथ रखता है ?

(B) What is the term commonly used for the private browsing mode in most of these browsers ?

अधिकांश ब्राउज़रों में प्राइवेट ब्राउज़िंग मोड (Private Browsing Mode) के लिए सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाला शब्द क्या है ?

(C) In these browsers, what are the small pieces of data stored as text files by websites on a user's computer or device to remember information such as preferences, and activities ?

इन ब्राउज़रों में वेबसाइट्स द्वारा उपयोगकर्ता के कंप्यूटर या डिवाइस (Device) पर टेक्स्ट फाइल (Text Files) के रूप में संग्रहित किए जाने वाले छोटे डेटा (Small Pieces of Data) को क्या कहा जाता है, जो उपयोगकर्ता की पसंद (Preferences), और गतिविधियाँ (Activities) याद रखते हैं ?

(D) Which keyboard shortcut in Windows is generally used to refresh (reload) a webpage in these browsers ?

विंडोज (Windows) में, इन ब्राउज़रों में किसी वेबपेज को रिफ्रेश (Refresh/Reload) करने के लिए सामान्यतः कौन सा कीबोर्ड शॉर्टकट (Keyboard Shortcut) उपयोग किया जाता है ?

12. Internet Protocol (IP) is a set of rules that defines how data is sent, addressed, and received across a network, especially the internet. Many protocols are widely recognized by their abbreviations, and sometimes their full forms indicate their primary purpose on the internet. Bharti, a computer science student, is studying different protocols (Protocols) used in internet services. She has read about protocols such as HTTP, HTTPS, FTP, VoIP, SMTP, etc. Based on the above scenario, answer the following questions :

इंटरनेट प्रोटोकॉल (Internet Protocol / IP) नियमों का एक समूह है, जो यह निर्धारित करता है कि नेटवर्क, विशेषकर इंटरनेट पर डेटा कैसे भेजा, संबोधित और प्राप्त किया जाता है। कई प्रोटोकॉल्स (Protocols) अपने संक्षिप्त रूप के लिए प्रसिद्ध हैं, और कभी-कभी उनके पूर्ण रूप उनके इंटरनेट पर मुख्य उपयोग को दर्शाते हैं। भारती, एक कंप्यूटर विज्ञान की छात्रा, इंटरनेट सेवाओं (Internet Services) में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रोटोकॉल्स (Protocols) का अध्ययन कर रही है। उसने कुछ प्रोटोकॉल्स के बारे में पढ़ा है, जैसे HTTP, HTTPS, FTP, VoIP, SMTP आदि। उपरोक्त स्थिति के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(A) In the protocol HTTPS, what does the extra letter 'S' represent compared to HTTP ?

प्रोटोकॉल HTTPS में अतिरिक्त अक्षर 'S' का क्या अर्थ है, जो HTTP में नहीं है ?

(B) Write the full form of the protocol FTP.

प्रोटोकॉल FTP का पूर्ण रूप लिखिए।

(C) For which type of internet service is the protocol VoIP commonly used ?

किस प्रकार की इंटरनेट सेवा (Internet Service) में प्रोटोकॉल VoIP का उपयोग किया जाता है ?

(D) In the protocol SMTP, what does the letter 'M' stand for ?

प्रोटोकॉल SMTP में अक्षर 'M' का पूर्ण रूप क्या है ?

**13.** **Ibrahim is conducting research to understand the impact of cloud computing on everyday life. As part of his study, he plans to interview users who regularly use different cloud computing platforms for communication, storage, learning, and information access. Based on the above situation, suggest one appropriate cloud-based platform for each of the following purposes :**

**इब्राहिम दैनिक जीवन पर क्लाउड कंप्यूटिंग (Cloud Coputing) के प्रभाव को समझने के लिए शोध कर रहा है। अपने शोध के अंतर्गत, वह ऐसे उपयोगकर्ताओं का साक्षात्कार लेना चाहता है जो संचार, भंडारण, शिक्षा और सूचना प्राप्त करने के लिए विभिन्न क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफ़ॉर्म (Cloud Computing Platforms) का नियमित रूप से उपयोग करते हैं। उपरोक्त स्थिति के आधार पर, निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए प्रत्येक के लिए एक उपयुक्त क्लाउड आधारित प्लेटफ़ॉर्म सुझाइए :**

**(A) Suggest one popular collaboration and communication software developed by Microsoft that can also be used for conducting online school classes.**

**माइक्रोसॉफ़्ट (Microsoft) द्वारा विकसित एक लोकप्रिय सहयोग और संचार सॉफ्टवेयर (Collaboration and Communication Software) सुझाइए, जिसका उपयोग ऑनलाइन स्कूल (Online School) संचालन के लिए भी किया जा सकता है।**

**(B) Suggest one popular cloud-based storage and file-sharing service developed by Google.**

**गूगल (Google) द्वारा विकसित एक लोकप्रिय क्लाउड आधारित स्टोरेज और फ़ाइल साझा करने की सेवा (Storage and File-Sharing Service) सुझाइए।**

(C) Suggest one popular artificial intelligence (AI)-based conversational tool that is not developed by Microsoft or Google.

माइक्रोसॉफ्ट या गूगल द्वारा विकसित नहीं किया गया एक लोकप्रिय कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित संवादात्मक टूल (Artificial Intelligence-based Conversational Tool) सुझाइए।

(D) Name one popular cloud-based service developed by the Government of India (MeitY) that is used for storing and accessing official documents online.

भारत सरकार (MeitY) द्वारा विकसित एक लोकप्रिय क्लाउड आधारित सेवा का नाम बताइए, जिसका उपयोग आधिकारिक दस्तावेज़ों को ऑनलाइन संग्रहीत (Store) और एक्सेस (Access) करने के लिए किया जाता है।

14. Mallika, an IT professional working for a school, has created an official email account using Gmail (gmail.com) for her professional communication. Answer the following questions to help her make the correct and secure choices :

मल्लिका, जो एक स्कूल में कार्यरत आईटी पेशेवर (Professional) हैं, अपने आधिकारिक कार्य के लिए Gmail (gmail.com) पर एक ईमेल खाता (Account) बनाया है। सही और सुरक्षित विकल्प चुनने में उसकी मदद करने के लिए निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(A) She wants to set a secure password for her email account. However, she is unsure whether a strong password should contain only alphabets, only numerical digits, only special characters, or a random combination of alphabets, digits, and special characters. Suggest the most secure option for creating a strong password from the choices she has considered.

वह अपने ईमेल खाते (email account) के लिए एक सुरक्षित पासवर्ड तय करना चाहती हैं। लेकिन वह इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि सुरक्षित पासवर्ड में केवल अक्षर (Alphabets), केवल अंकीय अंक (Digits), केवल विशेष चिन्ह (Special Characters) होने चाहिए या फिर इन सभी का यादृच्छिक संयोजन (Random Combination) होना चाहिए। उनके द्वारा चुने गए विकल्पों में से एक मजबूत और सुरक्षित पासवर्ड (Strong and Secure Password) के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प सुझाइए।

**(B) Mallika sends a complaint email to a local authority requesting immediate services. She also wants to send a formal copy of the same email to a higher authority of the department, so that the main recipient is aware that the email has also been sent to their superior. Which email option (TO/CC/ACC/BCC) should she use to add the email address of the higher authority ?**

**मल्लिका एक स्थानीय प्राधिकरण को तुरंत सेवाओं के लिए अनुरोध करते हुए एक शिकायत ईमेल (Complaint Email) भेजती हैं। वह उसी ईमेल की एक औपचारिक प्रति उसी विभाग के उच्च अधिकारी (Higher Authority) को भी भेजना चाहती हैं, ताकि मुख्य प्राप्तकर्ता यह जान सके कि ईमेल उनके वरिष्ठ अधिकारी को भी भेजी गई है। ऐसी स्थिति में (TO/CC/ACC/BCC में से) किस विकल्प का उपयोग किया जाना चाहिए?**

**(C) Additionally, Mallika wants to send a copy of the same email to the Administrative Officer (AO) of her school in such a way that the other recipients cannot see that the AO has received the email. Which email option (TO/CC/ACC/BCC) should she use to add the AO's email address ?**

**यदि मल्लिका उसी ईमेल की एक प्रति स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी (Administrative Officer - AO) को भी भेजना चाहती हैं, लेकिन अन्य प्राप्तकर्ता यह न देख सकें कि AO को भी ईमेल भेजी गई है, तो (TO/CC/ACC/BCC में से) कौन-सा विकल्प उपयुक्त होगा?**

(D) Mallika regularly receives promotional spam emails with multiple attachments from a vendor offering services that are neither required by her nor by the school. She is aware of methods such as deleting emails regularly, marking emails as Spam, marking emails as Junk, and using email filters. Which of these methods is the *least effective* in stopping spam emails ?

मल्लिका को नियमित रूप से एक विक्रेता से कई अटैचमेंट्स (Attachments) वाले प्रचारात्मक स्पैम ईमेल (Spam Emails) प्राप्त होते हैं, जिनकी न तो उन्हें और न ही स्कूल को आवश्यकता है। वह ईमेल हटाने, स्पैम (Spam) के रूप में चिह्नित करने, जंक (Junk) के रूप में चिह्नित करने या ईमेल फिल्टर (Email Filter) का उपयोग करने जैसे तरीकों को जानती हैं। इनमें से स्पैम ईमेल को रोकने का *सबसे कम प्रभावी* तरीका कौन सा है ?

15. 'Viksit Adhunik Vidyalaya', a reputed school with multiple branches across the country, intends to establish a computer network to connect the office computers of all its branches. The purpose of this network is to enable efficient sharing of databases, information, and other computing resources among the branches.

Answers the following questions to help the school choose the most appropriate networking solutions :

'विकसित आधुनिक विद्यालय', एक प्रतिष्ठित स्कूल है जिसकी देश भर में कई शाखाएँ हैं। स्कूल अपनी सभी शाखाओं के कार्यालय कंप्यूटरों को आपस में जोड़ने के लिए एक कंप्यूटर नेटवर्क स्थापित करना चाहता है, ताकि डेटाबेस (Database), इन्फॉर्मेशन (Information) और अन्य संसाधनों (Resources) को आसानी से साझा किया जा सके।

उपयुक्त नेटवर्किंग समाधान चुनने में सहायता के लिए निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(A) **Which type of network (LAN, MAN, PAN, or WAN) should be established to connect all the branches of the school located across the country ?**

**देश भर में स्थित स्कूल की सभी शाखाओं को जोड़ने के लिए किस प्रकार के नेटवर्क (LAN, MAN, PAN, or WAN) की आवश्यकता होगी ?**

(B) **Which networking device should each branch install individually to connect computers within its own local network ?**

***(Options : UPS / Switch / Modem / Repeater)***

**प्रत्येक शाखा में कंप्यूटरों को आपस में जोड़ने के लिए कौन-सा नेटवर्किंग डिवाइस (Device) स्थापित किया जाना चाहिए ?**

***(विकल्प : UPS / Switch / Modem / Repeater)***

(C) **Which networking solution acts as a security guard by monitoring and controlling incoming and outgoing network traffic, allowing only safe and authorized data to pass through ?**

***(Options : HuB / Firewall / Plotter / NIC)***

**ऐसा कौन-सा समाधान, जो एक सुरक्षा प्रहरी की तरह कार्य करता है और आने-जाने वाले नेटवर्क ट्रैफिक (Incoming and Outgoing Network Traffic) की निगरानी करता है तथा केवल सुरक्षित और अधिकृत डेटा को ही अनुमति देता है ?**

***(विकल्प : HuB / Firewall / Plotter / NIC)***

(D) Suggest a technology that enables different branches of the school to store, manage, and access data, software, and services over the Internet instead of relying on local computers or physical storage devices.

ऐसी तकनीक सुझाइए जो स्कूल की विभिन्न शाखाओं को इंटरनेट (Internet) के माध्यम से डेटा, सॉफ्टवेयर और सेवाओं को संग्रहित, प्रबंधित और उपयोग करने की सुविधा देती है, बिना स्थानीय कंप्यूटर या भौतिक स्टोरेज उपकरणों पर निर्भर हुए।

-o0o-